# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 24.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया एक लाख उनसठ हजार करोड़ रुपये का वार्षिक बजट, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर जोर।**

2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शासन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से एक विशेष डिजिटल डैशबोर्ड का करेंगे लोकार्पण, स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के लिए करेंगे एमओयू।**

3. **चतरा एयर एंबुलेंस हादसे की जांच में जुटी एएआईबी और डीजीसीए की टीम, आपदा प्रबंधन मंत्री डा. इरफान अंसारी ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात।**

4. **नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, झारखंड से अलका तिवारी और के. रवि कुमार ने लिया भाग।**

5. **राज्य के 48 नगर निकायों में मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में किया गया सील, मतगणना 27 फरवरी को।।**

**********************

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का भारी–भरकम बजट पेश किया है। यह बजट पिछले साल की तुलना में काफी बड़ा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सदन में बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने इसे राज्य के समग्र विकास का रोडमैप बताया।

**********************

विधानसभा में आज नदियों के प्रदूषण और अतिक्रमण का मुद्दा छाया रहा। विधायक सरयू राय ने दामोदर नदी में औद्योगिक कचरे और अतिक्रमण का सवाल उठाया। जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को भरोसा दिया कि सरकार इसे लेकर गंभीर है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शासन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आज एक विशेष डिजिटल डैशबोर्ड का लोकार्पण करेंगे। इस डैशबोर्ड के जरिए सरकारी योजनाओं और कार्यप्रणाली की निगरानी सीधे की जा सकेगी। इसके साथ ही, राज्य सरकार के कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। मौके पर मुख्यमंत्री के अलावा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी मौजूद रहेंगे।

**********************

चतरा में हुए एयर एंबुलेंस हादसे की विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो, एएआईबी जांच के आदेश दिये गये हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, डीजीसीए और एएआईबी की टीमें ब्लैक बॉक्स बरामद करने और तकनीकी खामियों या मानवीय त्रुटि की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं।

**********************

इस बीच एयर एम्बुलेंस हादसे में सभी 7 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। चतरा स्थित सदर अस्पताल में आज सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया गया। स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और हादसे को बेहद दुखद बताया। उन्होंने खराब मौसम में उड़ान की अनुमति पर सवाल उठाते हुए रांची में उच्च स्तरीय बैठक कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

मौके पर स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान भी मौजूद रहे। सांसद ने राज्य सरकार से मृतकों के परिजनों को 50–50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की।

**********************

चतरा विमान हादसे पर रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह जांच का विषय है कि दुर्घटना तकनीकी खराबी से हुई या मानवीय चूक से।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी एयर एम्बुलेंस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राजभवन से जारी संदेश में राज्यपाल ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले सभी सात लोगों के परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट की है।

**********************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला होती है। आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के बारे में श्री कुमार ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और अपात्र मतदाताओं को बाहर रखा जाना चाहिए। सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने किया।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान की चार दिवसीय यात्रा शुरु कर रही हैं। इस कड़ी में वे 26 फरवरी को जमशेदपुर का दौरा करेंगी। वे जमशेदपुर में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। उनकी यात्रा के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

**********************

राज्य के 48 नगर निकायों में मतदान खत्म होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। छह हजार से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला अब 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के बाद होगा। प्रशासन ने गिनती के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**********************

रामगढ़ में मतपेटियों को सुरक्षित रखने का कार्य कल देर रात तक जारी रहा। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए थ्री–लेयर सिक्योरिटी और सीसीटीवी की व्यवस्था की गई है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आज लगभग एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 774 से अधिक अंक लुढककर 82 हजार 521 जबकि निफ्टी 217 अंक से अधिक की गिरावट के साथ 25 हजार 496 पर कारोबार कर रहा था।

************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये प्रति किलो है।

************************

झारखंड में मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम केंद्र रांची ने राज्य के कई हिस्सों में आज हल्की बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। कोल्हान, रांची, रामगढ़ और बोकारो समेत करीब 14 जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना है।

*********समाप्त*****************